भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4955

<u>दिनांक 1 अप्रैल, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

## निर्यात में गिरावट

4955. श्रीमती माला रायः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन महीनों के दौरान देश में निर्यात में गिरावट आई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान गिरावट से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का निर्यातवार और माहवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

**(क) और (ख)** विगत तीन महीनों के दौरान भारत के समग्र निर्यात (व्यापारिक वस्तुएं + सेवाएं) का विवरण अनुलग्नक–I पर संलग्न है।

क्षेत्र–वार व्यापारिक वस्तुओं के व्यापार का विवरण वाणिज्य विभाग की वेबसाइट अर्थात https://tradestat.commerce.gov.in/eidb/default.asp पर देखा जा सकता है। कुछ क्षेत्रों में जहां गिरावट देखी गई है, वह पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में है, जो पेट्रोलियम में वैश्विक कीमतों के गिरावट के कारण थी और रत्न एवं आभूषण के क्षेत्र में यह भू–राजनैतिक तनाव के कारण प्रभावित हुई थी।

*****

अनुलग्नक–I

**दिनांक 01 अप्रैल, 2025 के उत्तर दिए जाने हेतु लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 4955 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

विगत तीन माह के दौरान भारत के समग्र निर्यात का विवरण निम्नानुसार हैः

| | (मूल्य अमेरिकी बिलियन डॉलर में) |
|---|---|
| माह | समग्र निर्यात (व्यापारिक वस्तुएं + सेवाएं) |
| नवम्बर, 24 | 63.97 |
| दिसम्बर, 24 | 74.66 |
| जनवरी, 25 | 71.12 |

स्रोतः डीजीसीआईएंडएस और आरबीआई

*****